>

Title: Need to include Fatehpur district in Uttar Pradesh under Jawaharlal Nehru National Urban Renewal Mission.

श्री महेन्द्र प्रसाद निषाद (फतेहपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय शहरी विकास मंत्री, भारत सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र फतेहपुर, उत्तर प्रदेश की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं और कहना चाहता हूं कि केन्द्रीय सरकार देश के अनेक राज्यों के कई जनपदों/जिलों का चयन जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन योजना के तहत किया है जिसमें जनपद/जिला का शहरी क्षेत्र सीवर लाइन, स्ट्रोम वॉटर, पेयजल आपूर्ति सहित अनेक कार्य कर शहर को नया रूप दिया जा रहा है। अत: मैं चाहता हूं कि अति पिछड़े जनपद फतेहपुर, उत्तर प्रदेश को भी जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन योजना में शामिल कर लिया जाए।

MR. SPEAKER: Shrimati Jayaben D. Thakkar